भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2869

10.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत-नेपाल सीमा पर भारत विरोधी गतिविधि

2869. **डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत-नेपाल सीमा पर कथित रूप से भारत-रोधी गतिविधियों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और **(ख)** भारत-नेपाल सीमा एक खुली सीमा है जिससे दोनों देशों के नागरिक मुक्त रूप से आवाजाही कर सकते हैं। हालांकि, बेईमान लोगों द्वारा निषिद्ध मदों, जाली मुद्रा की तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए इस खुली सीमा का समय-समय पर दुरुपयोग किया जाता है, लेकिन इन गतिविधियों में कोई ठोस बढ़ोतरी नहीं हुई है।

(ग) दोनों पक्ष ऐसी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए घनिष्ठ सहयोग करते हैं। ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीमा पार सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक व्यापक द्विपक्षीय संस्थागत संधार स्थापित किया गया है और गृह सचिवों, सीमा की हिफाजत करने वाले बलों, जैसे भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की और जिला प्रशासन स्तर पर नियमित रूप से बैठकें होती रहती हैं। नेपाल सरकार ने आश्वस्त किया है कि वह अपने भूक्षेत्र का इस्तेमाल किसी भी ऐसी गतिविधि के लिए नहीं करने देगी जो भारत के लिए अहितकर हो।

****